5. **श्रेणी अभिधान चिह्न** :—(1) पालिथिन या कागज के थैलों में पैक किये गये शिकाकाई पाउडर की दशा में श्रेणी अभिधान चिह्न एक ऐसे डिजाइन का होगा जिसमें प्राधिकार प्रमाणपत्र

की संख्या, एगमार्क शब्द और कृषि विपणन सलाहकार द्वारा अनुमोदित श्रेणी दी गई होगी :

(2) जूट अथवा कपड़े के आधानों और ऐसे आधानों में, जिनमें श्रेणीकृत शीकाकाई पाउडर के पौलिथिन के सीलबन्द थैले अथवा कागज के डिब्बे पैक किये गये हों, पैक किए गए शीकाकाई पाउडर की दशा में श्रेणी अभिधान विनिर्दिष्ट होगा और जिसमें अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट डिजाइन के अनुरूप (एगमार्क शब्द के साथ भारत के मानचित्रक की रुपरेखा और और "भारतीय उत्पाद" शब्दों के साथ उगते हुए सूर्य की आकृति से मिलकर बना) डिजाइन होगा ।

6. **चिह्नन की पद्धति.**—(1) श्रेणी अभिधान चिह्न कृषि विपणन सलाहकार अनुमोदित रीति से प्रत्येक आधान पात्र पर सुरक्षित रूप से चिपकाया या अंकित किया जाएगा ।

(2) श्रेणी अभिधान चिह्न के अतिरिक्त प्रत्येक आधान पात्र पर निम्नलिखित विवरण स्पष्ट एवं अमिट रूप से चिह्नित किए जाएंगे, अर्थात् :—

(क) पैकिंग की तारीख, सांकेतिक या सादे अक्षरों में

(ख) लाट संख्या और

(ग) निवल भार

(3) कृषि विपणन सलाहकार का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् प्राधिकृत पैकर किसी आधान पात्र पर अपना प्राइवेट व्यापार चिह्न उक्त अधिकारी द्वारा अनुमोदित रीति से चिह्नित कर सकेगा, परन्तु यह प्राइवेट व्यापार चिह्न इन नियमों के अनुसार आधार पर चिपकाये अथवा अंकित किये गये श्रेणी अभिधान चिह्न द्वारा उपदर्शित क्वालिटी या श्रेणी से भिन्न क्वालिटी या श्रेणी को निरुपित न करता हो ।

7. **पैकिंग की पद्धति.**—(1) शीकाकाई पाउडर की पैकिंग के लिये केवल मजबूत, नये साफ और नमी रहित, पौलीथिन, जूट कपड़े या कागज के थैलों के बने आधान पात्र ही उपयोग में लाये जाएंगे और वे जन्तु आधा, या प्रफूद संदूषण और अवांछनीय गंध से रहित होंगे । वे कृषि विपणन सलाहकार द्वारा अनुमोदित रीति से बंद और सील किए जाएंगे ।

(2) जब किसी बड़े आधान पात्र में एक से अधिक पैकिट रखे जाऐं तो सभी पैकिटों पर एगमार्क लेबल लगा होगा और बाह्य आधान पात्र पर भी एगमार्क लेबल लगाया जाएगा ।

8. **प्राधिकार प्रमाणपत्र की विशेष शर्तें.**—साधारण श्रेणीकरण और चिह्नन नियम, 1937 के नियम 4 में विनिर्दिष्ट शर्तों के अतिरिक्त कृषि विपणन सलाहकार के निम्न धान प्रदरूप से निम्नलिखित विशेष शर्तों का भी अनुपालन प्राधिकृत पैकर किया जाएगा ।

(1) प्राधिकृत पैकर कृषि विपणन सलकाहर द्वारा इस निमित्त समुचित रूप से प्राधिकृत निरीक्षण अधिकारियों को इन नियमों के अधीन कर्त्तव्य पालन के लिए आवश्यक सुविधायें देगा ।

(2) प्राधिकृत पैकर शीकाकाई पाउडर के परीक्षण के लिए विहित व्यवस्थाएं करेगा, और शीकाकाई पाउडर के नमूने समय-समय पर कृषि विपणन सलकाहर द्वारा अधिसूचित नियंत्रण प्रयोगशाला को अग्रेषित किये जायेंगे ।

अनुसूची 1

(नियम 5 देखिए)

श्रेणी अभिधान चिह्न का डिजाइन



अनुसूची 2

(नियम 3 और 4 देखिये)

शीकाकाई पाउडर के श्रेणी अभिधान और क्वालिटी की परिभाषा

उत्पाद	नमी (प्रतिशत) अधिकतम	*कुल भस्म (प्रतिशत) अधिकतम	*अविलेय भस्म (प्रतिशत) अधिकतम	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5
विशेष	10	5	1	(1) शीकाकाई पाउडर स्वच्छ रीठा क्ली (एकेशिया कौनसिन्ना) को पीस कर तैयार किया जायेगा और उसमें ऐसा पिसा हुआ पाउडर वजन के अनुसार 99 प्रतिशत से कम नहीं होगा।
साधारण	15	6	2	(2) 500 मिक्रोन की मानक छलनी में से छाने जाने पर 1 प्रतिशत से अधिक छलनी में नहीं बचेगा।
				(3) शीकाकाई पाउडर गर्व, फ्यूदि वृद्धि, जन्तु बाधा एवं सभी प्रकार के मिलावट तत्वों से रहित होगा।

*नमी मुक्त आधार पर अभिव्यक्त।

[सं० फा० 13-11/70-निपण०० तथा ऋण०]

टी० डी० माखीजानी, अवर सचिव।

कृषि मंत्रालय
(खाद्य विभाग)
नई दिल्ली, 30 दिसम्बर, 1971

का० आ० 5593.—आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (1955 का 10) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार फल उत्पाद आदेश, 1955 में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित आदेश करती है, अर्थात्:—

1. (1) यह आदेश फल उत्पाद (संशोधन) आदेश, 1971 कहा जा सकेगा ।

(2) यह प्रथम जनवरी 1972 को प्रवृत्त होगा ।

2. फल उत्पाद आदेश (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त आदेश कहा गया है) के खण्ड 2 में,—

(i) उपखंड (ग) के पश्चात् निम्नलिखित उपखंड अन्त स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

'(गग) "फल मकरंद" से पूरी तरह पके और अच्छे फलों से निकाले गए गूदे या रस से तैयार किया गया पेय अभिप्रेत है ;'

(ii) उपखंड (घ) में,—

(क) मद (V) में, "परोसे जाने के लिए तैयार पेय" शब्दों के पश्चात् "फल मकरंद" शब्द अन्तः स्थापित किए जाएंगे ;

(ख) मद (XIII) के पश्चात् निम्नलिखित मद अन्तःस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"(XIV) फ्रूट सीरियल फ्लेक ;"

(ग) विद्यमान मद (XIV) उसकी मद (XV) के रूप में पुनःसंख्याकित की जाएगी ;

(iii) इस प्रकार संशोधित उपखंड (घ) के पश्चात् निम्नलिखित उपखंड अन्त स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

(घघ) "लेबिल" से किसी फल उत्पाद के आधान पर लिखित मुद्रित, छिद्रित, स्टेंसिल कृत, समुद्र-भूत या स्टाम्पित विषय का सप्रदर्शन अभिप्रेत है ;

(iv) उपखंड (ज) में "उन्हें विक्रय के लिए पैक करता है" शब्दों के स्थान पर "उन्हें विक्रय के लिए पैक करता है या लेबिल लगाता है" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ;

(v) उपखंड (ञ) के स्थान पर, निम्नलिखित उपखंड प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(ञ) "शर्बत" से कोई गैर-एल्कोहाली मधुरीकृत पेय या सिरप अभिप्रेत है, जिसमें 10 प्रतिशत से कम फलों का रस हो या जो गुलाब, खस, केवड़ा, आदि जैसे फलेतर सुवास से सुवासित हो ।

3. उक्त आदेश के खंड 3 के उपखंड (1) में, मद (1) के पश्चात् निम्नलिखित मद अन्त स्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"(ii) स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय (स्वास्थ्य विभाग) का एक प्रतिनिधि"

4. उक्त आदेश के खंड 5 में—

(i) उपखंड (2) के स्थान पर, निम्नलिखित उपखंड प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(2) निम्नलिखित फीसें, जो समुचित फीसें हैं, उपखंड (1) के अधीन एक अवधि या उसके भाग के लिए संदेय होगी, अर्थात् :—

(क) गृह मापमान	100 रुपए
(ख) लघु मापमान क 1	600 रुपए
(ग) लघुमापमान क 2	400 रुपए
(घ) लघुमापमान ख	200 रुपए
(ङ) बहत मापमान	1000 रुपए
(च) स्लिब्लर	500 रुपए"

(ii) उपखंड (3) में, निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु जहां उपखंड (4) के अधीन अनुज्ञप्ति न दी जाए या जहां अनुज्ञप्ति फीस मंजूर शुदा अनुज्ञप्ति के लिए संदेय रकम के अधिक्य में संदत्त की जाए वहां, यथास्थिति, संदत्त अनुज्ञप्ति फीस या अधिक्य की रकम आवेदक को प्रतिदत्त कर दी जाएगी ।"

5. उक्त आदेश के खंड 8 के उपखंड (1) के मद (घ) में; "ऐसा फल उत्पाद" शब्दों के पश्चात् निम्नलिखित जोड़ दिया जाएगा, अर्थात् :—

"कोड संख्या ऐसी होगी कि वह पढ़ी जा सके और अंग्रेजी या हिन्दी संख्यांकों या वर्णमाला या दोनों में दी जाएगी । अनुज्ञप्ति जारी करने से पूर्व, विनिर्माता द्वारा प्रयुक्त की जाने वाली प्रत्येक कोड संख्या अनुज्ञापन अधिकारी के पास रजिस्ट्रीकृत की जाएगी और उसमें, अनुज्ञापन अधिकारी की पूर्व मंजूरी के सिवाय, कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा" ।

6. उक्त आदेश के खंड 11 के उपखंड (2) में, "शब्द "सश्लिष्ट" इतने स्पष्ट अक्षरों में लिखा जाएगा जितना कि उत्पाद का नाम' शब्दों के स्थान पर निम्नलिखित शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :—

"सश्लिष्ट" शब्द , जहां भी इसका प्रयोग किया जाए, इतना स्पष्ट और इसके अक्षरों का आकार और

रंग वैसा ही होना चाहिए जैसा कि उत्पाद के नाम के लिए प्रयुक्त किया जाता हो और यह ऐसे नाम के ठीक पूर्व आना चाहिए ।'

7. उक्त आदेश के खण्ड 16 में, मद (ii) में, "दो सौ पौंड" शब्दों के स्थान पर "एक सौ किलोग्राम" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ।

8. उक्त आदेश का प्रथम अनुसूची में--

(i) प्ररूप 'क' में,--

(क) मद 2 और 3 के स्थान पर, निम्नलिखित मदें प्रतिस्थापित की जाएंगी, अर्थात्:--

"2. कारखाने /फर्म* का पता

3. उन फल उत्पादों का वर्णन जिनका/(जिन पर आवेदक विनिर्माण करना/ फिर से लेबिल लगाना चाहता है* ।"

(ख) मद 8 के स्थान पर, निम्नलिखित मद प्रतिस्थापित की जाएगी अर्थात्:--

"8. पूर्व वर्ष के दौरान विनिर्मित/फिर से लेबिल लगाए गए फल उत्पादों का कुल मूल्य ।";

(ग) अन्त में, निम्नलिखित जोड़ दिया जाएगा, अर्थात:--

"*जो लागू न हो उसे काट दीजिए ।" ;

(ii) प्ररुप 'ख' में,--

(क) मद 2 के स्थान पर, निम्नलिखित मद प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात:--

"2. विनिर्मित करने/फिर से लेबिल लगाने के लिए प्राधिकृत परिसरों का पता*।";

(ख) सारणी के स्थान पर, निम्नलिखित सारणी प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात्:--

विधिमान्यकरण और नवीकरण

विधिमान्यता की अवधि	विनिर्मित करने/फिर से लेबिल लगाने के लिए प्राधिकृत फल उत्पादों का नाम	अनुज्ञप्तिधारी का प्रवर्ग	संदत्त अनुज्ञप्ति फीस	अनुज्ञापन अधिकारी के हस्ताक्षर

9. उक्त आदेश की द्वितीय अनुसूची में,--

(1) भाग 1 (क) में,--

(i) पैरा 3 के स्थान पर, निम्नलिखित पैरा प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात:--

"3. फल उत्पादों के विनिर्माण के लिए अनुमोदित उपस्कर और विनिर्माण परिसर फल उत्पादों के विनिर्माण के लिए अपायकर अन्य उत्पादों के विनिर्माण के लिए नीचे दी गई शर्तों के अधीन के सिवाए प्रयुक्त नहीं किए जाएंगे:

यदि अनुज्ञप्ति परिसर का प्रयोग फल उत्पादों और मछली, मांस और अण्डा उत्पादों दोनों के विनिर्माण के लिए किया जाए तो जब मछली, मांस और अण्डा उत्पादों से फल उत्पादों में परिवर्तन किया जाए तब कम से कम एक मास का अन्तराल होगा ।

स्पष्टीकरण :

मछली, मांस और अण्डा उत्पादों से फल उत्पादों में परिवर्तन की प्रस्तावित तारीख संबंधित प्रादेशिक अधिकारी को लिखित रुप में प्रज्ञापित की जाएगी और स्टेशन बाह्य कारखानों की दशा में, प्रज्ञापना रजिस्ट्रीकृत पत्र द्वारा देनी होगी ।

(ii) पैरा 13 में, "कुटीर मापमान प्रवर्ग" से संबद्ध प्रविष्टि के स्थान पर, निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात:--

"गृह मापमान प्रवर्ग.....वर्ष में एक बार" ।

(2) भाग 1 (ख) के स्थान पर, निम्नलिखित भाग प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:--

"भाग 1 (ख)

कारखानों को निम्न प्रकार से प्रवर्गों में रखा जाएगा:

(क) **बृहत मापमान**.--एक मीटरिक टन प्रति दिन से अधिक संस्थापित क्षमता वाला या 250 मीटरिक टन से अधिक कुल वार्षिक उत्पादन वाला कारखाना ।

(ख) **लघु मापमान**.--एक मीटरिक टन प्रतिदिन तक की संस्थापित क्षमता और 250 मीटरिक टन कुल वार्षिक उत्पादन वाले कारखाने ।

(ग) **गृह मापमान**:--डिब्बा बंद सब्जियों के सिवाए, 10 मीटरिक टन से अनधिक कुल वार्षिक फल उत्पादन वाले कारखाने ।"

बृहत और लघु मापमान के कारखानों को नीचे यथा परिभाषित क 1, क 2, और ख उप-समूहों में और आगे समूहीकृत किया जा सकता है.

प्रवर्ग क 1 : ताजा फलों और सब्जियों से बनाए गए फल उत्पादों के विनिर्माण के अनुज्ञप्त कारखाने ।

प्रवर्ग क 2 : अनन्यतः परिरक्षित उत्पादों से बनाए गए फल उत्पादों के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्त कारखाने ।

प्रवर्ग ख : संश्लिष्ट गिरपों और संश्लिष्ट सिरके के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्त कारखाने ।

ऊपर वर्णित प्रवर्गों के अधीन अनुज्ञप्त कारखाने निम्नलिखित अपेक्षाओं का अनुपालन करेंगे :—

जल :—

प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी कम से कम एक किलोलिटर पेय जल की व्यवस्था करेगा और उसकी उपलभ्यता उत्पादन के अनुसार पर्याप्त रुप से बढ़ायी जाएगी । प्रसंस्करण हाल में खुले पाइप से बहता हुआ जल उपलभ्य किया जाएगा ।

भंडारकरण स्थान की अपेक्षाएं:—

ताजा फलों, सब्जियों, तैयार उत्पादों और अन्य कच्ची सामग्री के भण्डारकरण के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था की जाएगी ।

भण्डार और कार्यालय स्थान को अपवर्जित कर के, विनिर्माण परिसर का न्यूनतम स्थान—

	प्रवर्ग क 1	प्रवर्ग क 2	प्रवर्ग ख
*1. वृहत मापमान :	350 वर्ग मीटर	175 वर्ग मीटर	100 वर्ग मीटर
लघु मापमान :	150 वर्ग मीटर	100 वर्ग मीटर	50वर्ग मीटर

*(मशीनरी से घिरा हुआ क्षेत्र इस क्षेत्र के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा)

3. गृह मापमान : 25 वर्ग मीटर

तकनीकी कर्मचारी और प्रयोगशाला की अपेक्षाएं :—

वृहत मापमान :—

फल उत्पादों का विनिर्माण ऐसे रसायनज्ञ द्वारा जिसके पास निम्नलिखित अर्हताओं में से एक होनी चाहिए, पर्यवेक्षित किया जाएगा :—

(क) फल परिक्षण कारखाने में कम से कम एक वर्ष के अनुभव सहित खाद्य प्रौद्योगिकी या रासायनिक इंजीनियरी के साथ बी० एस सी० (प्रौद्योगिकी) ।

(ख) किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से फल प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, या कालामासरी पालिटेक्निक या केरल गवर्नमेंट पालिटेक्निक से फल परिक्षण डिप्लोमा सहित बी० एस सी० ।

(ग) एक विषय के रूप में रसायन या कृषि सहित बी० एससी० और फल और सब्जी परिक्षण कारकों में तीन वर्ष का व्यावहारिक अनुभव ।

कारखाने में, इस आदेश की द्वितीय अनुसूची के अधीन अधिकथित विशिष्टियों के अनुसार, एक प्रयोगशाला होगी जिसमें सभी सामान होगा, जिसका भू-क्षेत्र 50 वर्ग मीटर होगा तथा जिसमें फल-उत्पादों के विश्लेषण के लिए पर्याप्त सुविधाएं होंगी ।

लघु मापमान:—

फल उत्पादों के विनिर्माण ऐसे व्यक्ति द्वारा जिसके पास निम्नलिखित अर्हताओं में से एक होगी, पर्यवेक्षित किया जाएगा :—

(क) एक विषय के रूप में रसायन या कृषि सहित बी० एस सी०;

(ख) किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से, फल परिरक्षण में कम से कम तीन मास की अवधि के पाठ्यक्रम का डिप्लोमा या प्रमाणपत्र ;

मशीनरी और उपस्कर की बाबत न्यूनतम अपेक्षाएं

क्रम संख्या	संक्रियाएं	लघु मापमान	वृहत मापमान
1.	(क) कच्ची सामग्री की धुलाई	कृत्रिम पेंदी सहित दो आयाताकार सीमेंट या एल्यूमिनियम धातु के टैंक विमाएं-1×0.75×0.75 मीटर	कृत्रिम पेंदी सहित तीन या अधिक आयाताकार सीमेंट या एल्युमिनियम के टैंक विमाएं-1×0.75×0.75 मीटर या धुलाई की मशीन
	(ख) बोतलों की धुलाई	1. बोतलें धोने की मशीन 2. बोतलें रखने के रैक	1. बोतलें धोने की मशीन 2. बोतलें रखने और लाने-लेजाने के लिए ट्रालियां ।

क्रम संख्या	संक्रियाएं	लघु मापमान	वृहत मापमान
2.	फल और सब्जियों को तैयार करना	1. मेज जिसके ऊपर का तख्ता 4 वर्ग मीटर क्षेत्र का एल्युमिनियम या जंगरोधी इस्पात या जंग न लगने वाली सामग्री का हो	1. एल्युमिनियम या जंगरोधी इस्पात या जंग न लगने वाली सामग्री की मेज जिसका क्षेत्र-फल 10 वर्ग मीटर हो या जिसके पर्याप्त कंवेयर बेल्ट हो
		2. जंगरोधी इस्पात के बने पोलिंग, स्लाइसिंग, ट्रिमिंग और कोटरिंग चाकू	2. जंगरोधी इस्पात के बने कोट्रिक्यूरिंग और कटिंग मशीन उपस्कर
		3. जहां संसाधन और लीचिंग के लिए लकड़ी के वेट या सीमेंट के टैंक प्रयुक्त किए जायें वहां ये समुचित रूपसे ढके हुए होने चाहिए	3. संसाधन और लीचिंग के लिए उचित ढकनों सहित लकड़ी के वेट और सीमेंट के टैंक
		4. एल्युमिनियम या जंगरोधी इस्पात की 12 से अन्यून तश्तरियां	4. एल्युमिनियम या जंगरोधी इस्पात की 50 से अन्यून तश्तरियां
3.	रस निकालना गूदा निकालना और मिश्रन	1. जूस एक्स्टैक्टर और/या बास्केट प्रेस या रोजिंग उपस्कर	1. शक्ति-चालित एक्सटैक्टर या हाइड्रालिक प्रेस
		2. जंगरोधी इस्पात की या एल्युमी-नियम की चलनी	2. गूदा निकालने की मशीन
		3. एल्युमिनियम या जंगरोधी इस्पात के 100 लिटर से अन्यून धारिता के ड्रम	3. जंग न लगने वाले जंगरोधी इस्पात के टैंक जिनकी कुल धारिता 500 लिटर से कम न हो
		4. जंगरोधी इस्पात या एल्युमिनियम के बकेट	
		5. टमाटर उत्पादों और आम के गूदे के लिए मलपर	
4.	ऊष्मा संसाधन	1. स्टीम जाकेट देगचियों सहित बायलर या गैस कुकिंग	1. बायलर
		2. थर्मामीटर और हाईड्रोमीटर	2. स्टीम जाकेट देगचियां
		3. रिफ्रेक्टोमीटर	3. थर्मामीटर
			4. परिरक्षकों के लिए सुग्राह्यतुला
			5. रिफ्रेक्टोमीटर
			6. अर्क निकले हुए सिरके लिए पास्तुरीकर्ता
5.	भरना और मुद्राबंद करना	1. बोतलें भरने की मशीन	1. बोतलें भरने की मशीन
		2. बोतलों को मुद्राबंद की मशीन	2. बोतलों को मुद्राबंद करने की मशीन
		3. क्राउन कार्क लगाने की मशीन	3. भारी कार्क लगाने की मशीन
		4. वजन करने की तुला	4. वजन करने की तुला
6	बिब्बा बंद और बोतल बंद करने के लिए वायु-निष्कासन, मुद्राबंद करना और संसाधन	1. वायु–निष्कासन के लिए छेदों वाल टैंक	1. वायु-निष्कासन बाक्स
		2. अर्ध-स्वचालित इक्सल-सीमर	2. अर्ध-स्व-चालित इक्सल-सीमर
		3. कूलिंग टैंक	3. कूलिंग टैंक (पर्याप्त धारिता)
		4. न्यूनतम रिटार्टिंग धारिता 100 क $2\frac{1}{2}$ कैन प्रति चार्ज	4. रिटार्टिंग धारिता 250 क $2\frac{1}{2}$ कैन प्रति चार्ज
		5. प्रेशर कैन टैस्टर	4. प्रेशर कैन टैस्टर

प्रवर्ग के 2 के अन्तर्गत आने वाली वस्तुओं के विनिर्माताओं के लिए फलों के लिए अपेक्षित मशीनरी और उपस्कर की व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं ।

(3) भाग II में,—

(i) प्रथम स्तंभ में "सर्वेक्षण और आसव-मकरंद से भिन्न मकरन्द" प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी अर्थात् :—

"सर्वेक्षण ।" ;

(ii) चतुर्थ स्तम्भ में "5" अंक के स्थान पर "10" अंक प्रतिस्थापित किया जाएगा ;

(iii) अन्त में निम्नलिखित पाद-टिप्पण जोड़ दिया जाएगा, अर्थात् :—

"स्लाइम जूस वासू परोसने के लिए तैयार पेयों को छोड़ कर, फलों के रस का न्यूनतम प्रतिशत 6। रहेगा"

(4) भाग II के पश्चात् निम्नलिखित भाग अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"भाग II (क)

फल मकरद के लिए विनिर्देश

उत्पाद	किस्म	विशेष लक्षण		साधारण लक्षण
		उत्पाद में कुल विलेय घनों का न्यनतम प्रतिशत	अन्तिम उत्पाद में फल रस का न्यूनतम प्रतिशत	
1	2	3	4	5
फल मकरद (संतरे और अनानास मकरंद को अपवर्जित करके)	कोई उपयुक्त प्रकार या किस्म	15	20	मंकरद पूरे पके, अच्छे फलों के गूदों से तैयार किए जायेंगे, तैयार उत्पाद में अच्छी सामग्री, एक समान रंग और गूदे के अन्य प्रभाग या फल के लिए स्वाभाविक अन्य सेलुलर पदार्थ होगा । गूदे या जल के साथ केवल जो पदार्थ मिलाया जा सकता है वह है जल ,शकरा, इन्वर्ट शुगर या लिक्विड ग्लुकोस, एस्कार्बिक एसिड और साइट्रिक एसिड । उत्पाद के साइट्रिक एसिड और एल्कोहाल अन्तर्वस्तु के रूप में अम्लता क्रमश :1.5 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए । इसमें कोई परिरक्षक, कृत्रिम, रंग या मुधरकर्ता पदार्थ नहीं होना चाहिए । तैयार उत्पादों में फल का लक्षणगत स्वाद होना चाहिए और यह जलने के या आपत्तिजनक दागों और स्वाद से युक्त होना चाहिए । यह लार्वा और अन्य फल कीटों से मुक्त होना चाहिए । उत्पाद में डिब्बाबंद किए जाने पर समुद्र स्तर पर कोई ठोस दाब नहीं होना चाहिए और 37° सें० पर एक सप्ताह तक उष्मायन किए जाने पर जीवाणु पैदा होने के कोई चिह्न नहीं होने चाहिए ।"
संतरा और अनानास मंकरद	कोई उपयुक्त प्रकार या किस्म	15	40	

(5) भाग IV में,—

(i) सारणी में, चतुर्थ स्तंभ में, "सार" शब्द के पश्चात् "रस (कम से कम 10%)" शब्द, कोष्ठक अंक और संक्षेपाक्षर अन्तःस्थापित किए जायेंगे ;

(ii) पाद-टिप्पण में, 'संश्लिष्ट सिरपों पर स्पष्ट लिखा जाएगा कि "इन में कोई फलों का रस नहीं है', शब्दों के स्थान पर निम्नलिखित शब्द प्रतिस्थापित किए जायेंगे, अर्थात् :—

'यदि संश्लिष्टसिरप के रूप में घोषित उत्पाद में ऊपर यथाविनिर्दिष्ट विहित फलों का रस नहीं हो, तो उत्पाद पर "इस में कोई फलों का रस नहीं है" स्पष्ट रूप से चिन्हित होना चाहिए ।"

(6) भाग vii में, सारणी के नीचे पाद-टिप्पण में, निम्नलिखित जोड़ दिया जाएगा अर्थात् :—

"संश्लिष्ट जेली के आन से लेबिल पर निम्नलिखित सहजदृश्य रूप से अंकित होना चाहिए, अर्थात् :—

'(1) संश्लिष्ट जेली——————————सुवासित (संबद्ध सुवास का नाम खाली स्थान में लिखा जाना चाहिए); और

(2) उत्पाद किसी फल से बना नहीं है ।' "

(7) भाग X में, अन्तिम स्तंभ में—

(i) "अनुज्ञात परिरक्षक" शब्दों के स्थान पर "अनुज्ञात रंग और और परिरक्षक)" शब्द प्रतिस्थापित किए जायेंगे ;

(ii) अन्त में निम्नलिखित शब्द जोड़ दिए जायेंगे, अर्थात् :—

"हाइड्रोक्लोरिक अम्ल में अविलेयक्षार 0.5% डब्ल्यू/डब्ल्यू से अधिक नहीं होगा ।"

(8) भाग XIII में तृतीय स्तंभ में, "1.2%" अंकों और संक्षेपाक्षरों के स्थान पर "1.0%" अंक और संक्षेपाक्षर प्रतिस्थापित किए जायेंगे ।

(9) भाग XIII (क) में,—

(i) शीर्षक में, "सोयाबीन सास" शब्दों के पश्चात्, "और टमाटर सास" शब्द अन्तःस्थापित किए जायेंगे ;

(ii) अन्तिम स्तंभ में, "अनुज्ञात रंग" शब्दों के पश्चात् "(लाल या लाल रंग की किसी पेड से भिन्न)" कोष्ठक और शब्द अन्तःस्थापित किए जायेंगे ;

(iii) पाद-टिप्पण में "लेबिल पर" शब्दों के स्थान पर "लेबिल पर और लेबिल पर टमाटरों की कोई तस्वीर नहीं होगी" शब्द प्रतिस्थापित किए जायेंगे ।

(10) भाग XIV में,—

(i) तृतीय स्तंभ में प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जायेंगी, अर्थात् :—

"अर्क निकला हुआ सिरका——————3.75 ग्राम एसिटिक अम्ल प्रति 100 मि० लि०

संश्लिष्ट सिरका——————3.75 ग्राम एसिटिक अम्ल प्रति 100 मि० लि०;"

(ii) अन्तिम स्तंभ में, प्रविष्टि 3 में, "आसिटियस आक्साइड" शब्दों के स्थान पर "संख्या की मात्रायें" शब्द प्रतिस्थापित किए जायेंगे ।

(11) भाग 16 में, अन्तिम स्तंभ में, "लहसुन" शब्द के पश्चात् "बन्जोइक अम्ल" शब्द जोड़ दिए जायेंगे ।

(12) भाग 18 के पश्चात् निम्नलिखित भाग अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"भाग 18 (क)

आम्र सीरियल फ्लेक्स के लिए विनिर्देश

उत्पाद	किस्म	लक्षण	साधारण लक्षण
आम्र सीरियल फ्लेक्स	समुचित किस्म का फल	नमी 2.5 प्रतिशत से अनधिक / अम्ल में अविलय क्षार 0.5 प्रतिशत से अनधिक / प्रोटीन 3.0 प्रतिशत	उत्पाद कीट या फंगस से मुक्त साफ अच्छे आमों से तयार किया जाएगा केवल जो पदार्थ मिलाये जा सकते हैं वे हैं फल का गूदा, गेहूं की स्टार्च सुक्रोस, ग्लुकोस, सोडियम बाइकारबोनेट और पक्टिन ।

1	2	3	4
		से अन्यून 1 स्टार्च 250 प्रतिशत से अनधिक	उत्पाद में स्वाद और सुरसता फल के लक्षणानुसार होनी चाहिए। उत्पाद भुरभुरा होना चाहिए किन्तु सख्त या चमड़े जैसा नहीं इसमें कोई संश्लिष्ट सुरसकारक नहीं मिलाया जाएगा।

प्रयुक्त फल की किस्म और संयोजन लेबिल पर घोषित किया जाएगा।

(13) भाग 20 में, पैरा 2 में, मद (घ) के स्थान पर, निम्नलिखित मद प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात्—

"(घ) विनिर्माता या ब्रांड स्वामी का नाम और पता"।

(14) भाग 21 में, सारणी में :—

(i) द्वितीय और तृतीय स्तंभों में, क्रम सं०"1-सीसा" से संबंधित प्रविष्टियों में, मद (iii) और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात्, निम्नलिखित मद अन्तः स्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"द्वितीय स्तंभ	तृतीय स्तंभ
"(iii) (क) मृदुपेय संकेन्द्रणों को अपवर्जित करके	शून्य";

(ii) क्रम सं० "2 तांबा से संबंधित प्रविष्टियों में,

(क) द्वितीय स्तंभ में, मद (i) में, "सम्मिलित करके" शब्दों के स्थान पर "अपवर्जित कर के" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे;

(ख) तृतीय स्तंभ में, "70" अंक के स्थान पर, "50" अंक प्रतिस्थापित किए जाएंगे;

(iii) क्रम संख्या "3 संखिया" से सम्बन्धित प्रविष्टियों में, तृतीय स्तंभ में,—

(क) "आर्सिनियस आक्साइड-0.66" शब्द और अंक लुप्त कर दिए जायेंगे ;

(ख) "अर्सिनियम आक्साइड—1.5" शब्दों और अंकों के स्थान पर "1.00 पी० पी० एम" अंक और अक्षर प्रतिस्थापित किए जाएंगे;

(iv) क्रम स० "4.टीन" से संबंधित प्रविष्टियों में, द्वितीय और तृतीय स्तंभों में, मद (1) और उससे सम्बन्धित प्रविष्टियों के पश्चात् क्रमशः निम्नलिखित मद अन्तः स्थापित की जायगी, अर्थात्:—

द्वितीय स्तंभ	तृतीय स्तंभ
"(i क) मृदु पेय संकेन्द्रणों को अपवर्जित करके	100.0" ;

(v) क्रम संख्या "5. जस्ता" से सम्बन्धित प्रविष्टियों में,द्वितीय और तृतीय स्तंभों में, मद (ii) और इससे सम्बन्धित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जायेंगी, अर्थात्:—

द्वितीय स्तंभ	तृतीय स्तंभ
(ii) "इस आदेश के अन्तर्गत आने वाले फल उत्पाद	19 पी० पी० एम."

(15) भाग 22 में,—

(i) पैरा (1) में "खाद्य वस्तु" शब्दों के स्थान पर "फल उत्पाद" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे;

(ii) पैरा 2 में, सारणी में,—

(क) लाल रंग और उससे सम्बन्धित प्रविष्टियों से संबंधित मद 1 के स्थान पर, निम्नलिखित मद प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"1 लाल——पोन्सियु 4 आर——185 एजो
कारमोयसीन———— 17.9 एजो
तेज लाल ई ———182 एजो
अमरंथ————184 एजो
इरिथ्रोसीन———773 एक्जेन्थीन" ;

(ख) नीले रंग और उससे सम्बन्धित प्रविष्टियों से संबंधित मद 3 के स्थान पर, निम्नलिखित मद प्रतिस्थापित की जायगी, अर्थात् :—

"3 नील——इंडिगो कारमाइन————1180 इंडिगायड";

(ग) काले रंग और उससे सम्बन्धित प्रविष्टियों से सम्बन्धित मद 4 लुप्त कर दी जाएगी।

(iii) पैरा (3) में, "0.46" अंकों के स्थान पर "0.20" अंक प्रतिस्थापित किए जायेंगे।

(16) भाग 23 में,—

(i) "नीचे सूचीगत फल उत्पादों में केवल एक परिरक्षक प्रयुक्त किया जाएगा—"

शब्दों के स्थान पर, निम्नलिखित शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :—

"विभिन्न फल उत्पादों में प्रयुक्त किए जाने के लिए अनुज्ञात अलग अलग परिरक्षकों की मात्राएं नीचे की सारणी में यथावर्णित होनी चाहिए ;

(ii) सारणी में,—

(क) मद 1 से सम्बन्धित प्रविष्टियों में, तृतीय स्तंभ में, "3,000" अंकों के स्थान पर "5,000" अंक प्रतिस्थापित किए जाएंगे,

(ख) मद 7 से सम्बन्धित प्रविष्टियों में, तृतीय स्तंभ में "50" अंक के स्थान पर, "350" अंक प्रतिस्थापित किए जाएंगे;

(ग) मद 9 और 10 से सम्बन्धित प्रविष्टियों में निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जायेंगी । अर्थात् :—

9. फलों और सब्जियों से बने आचार और चटनी	सल्फर डाय आक्साइड*	——	100
	या		
	बेन्जोइक अम्ल	——	250
10. टमाटर और अन्य साम	——	बेंजोइक अम्ल	—— 750"

(घ) सारणी के पश्चात् निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"*यदि सल्फर डायाक्साइड का प्रयोग अचारों और चटनियों में परिरक्षक के रूप में किया जाता है तो उत्पाद टीन आधानों से भिन्न आधानों में पैक किया जाना चाहिए ।

स्पष्टीकरण:—उन फल उत्पादों की दशा में जिन में दो विभिन्न परिरक्षकों का प्रयोग अनुज्ञात किया गया है,

इन दो परिरक्षकों का मिश्रण भी इस शर्त के अधीन रहते हुए प्रयुक्त किया जा सकता है कि इस प्रकार प्रयुक्त परिरक्षक की मात्रा पूर्वोक्त सारणी के तृतीय स्तंभ में उस परिरक्षक के लिए विहित भागों में से भागों की ऐसी संख्या से अधिकन हो जो उस अनुपात के आधार पर जिसके अनुसार ऐसे परिरक्षक मिश्रित किए जायें, निकाली जाए ।"

[सं० 21/31/71-तक 1]

जी० सी० एन० चैहल, संयुक्त सचिव ।

MINISTRY OF COMMUNICATION

(P. & T. Board)

New Delhi, the 24th April 1972

S.O. 1429.—In exercise of the powers conferred by Sections 31 and 32 of the Indian Post Office Act, 1898 (6 of 1898), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Indian Post Office Rules, 1933, namely:—

1. (1) These rules may be called the Indian Post Office (Ninth Amendment), Rules, 1972.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In rule 72 of the Indian Post Office Rules, 1933, in Sub-Rule (1), for the second proviso, the following proviso shall be substituted, namely:—

"Provided further that articles containing Government currency notes or bank notes or gold coin or bullion or gold ornaments or articles of gold or any combination of these shall be insured for the actual value of the contents."

[No. 12-3/71-CI.]

B. SRINIVASAN,
Sahayak Mahanideshak (M).

संचार मंत्रालय

(डाक-तार बोर्ड)

नई दिल्ली, 24 अप्रैल 1972

एस० ओ० 1429.—भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 (1898 का 6) की धारा 31 और 32 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार भारतीय डाकघर नियम, 1933 में और आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है अर्थात् :—

1. (1) ये नियम भारतीय डाकघर (नवां संशोधन) नियम 1972 कहे जायेंगे ।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. भारतीय डाकघर नियम, 1933 के नियम 72 के उपनियम (1) में द्वितीय परंतुक के स्थान पर निम्नलिखित परंतुक प्रतिस्थापित किया जाये, अर्थात् :—

"बशर्ते कि वे वस्तुएं जिनमें सरकारी मुद्रा नोट अथवा बैंक नोट अथवा सोने के सिक्के अथवा बुलियन अथवा सोने के आभूषण अथवा सोने की वस्तुएं अथवा इनके कोई वस्तु हो तो वे अन्तर्वस्तु के वास्तविक मूल्य के बराबर बीमा की जायेगी" ।

[सं० 12-3/71-सी-1]

बी० श्रीनिवासन,
सहायक महानिदेशक (एम०)

MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS

New Delhi, the 14th March 1972

S.O. 1430.—Whereas by a notification of the Government of India in the Ministry of Petroleum and Chemicals (Department of Petroleum S.O. No. 1589 dated 31st March, 1971 under sub-section (1) of Section 3 of the Petroleum Pipelines (Acquisition of Right of User in Land) Act, 1962 (50 of 1962), the Central Government declared its intention to acquire the Right of User in the lands specified in the schedule appended to that notification for the purpose of laying pipelines;

And whereas, the Competent Authority, has under sub-section (1) of section 6 of the said Act, submitted report to the Government;

And further whereas, the Central Government has after considering the said report, decided to acquire the right of user in the lands specified in the schedule appended to this notification;

Now, therefore, in exercise of the power conferred by sub-section (1) of the Section 6 of the said Act, the Central Government hereby declares that the right of user in the said lands specified in the schedule appended to his notification is hereby acquired for laying the pipelines;

And, further, in exercise of the power conferred by sub-section (4) of that section, the Central Government directs that the right of user in the said lands shall instead of vesting in the Central Government vest on this date of the publication of this declaration in the Oil & Natural Gas Commission free from all encumbrances.

SCHEDULE

For Laying Pipeline from Road BDW-BDI to G.G.S.I.

STATE : Gujarat	DIST : Kaira	TALUKA : Matar		
Village	Survey No.	Hectare	Are	P. Are
NAWAGAM	753/1	0	2	75
	754	0	11	00
	756	0	6	15
	746	0	2	00

[No. 11(4)/71-Lab.&Legis.]

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय

(पैट्रोलियम विभाग)

नई दिल्ली, 14 मार्च, 1972

का० आ० 1430.—यत: पैट्रोलियम, पाइप लाइन (भूमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन), अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन भारत सरकार के पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय (पैट्रोलियम विभाग) की अधिसूचना का० आ० सं० 1589 तारीख 31-3-1971 द्वारा केन्द्रीय सरकार ने उस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमियों के उपयोग के अधिकार को पाइप लाइनों को बिछाने के प्रयोजन के लिये अर्जित करने का अपना आशय घोषित कर दिया था ।

और यत: सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन सरकार को रिपोर्ट दे दी है ।

और आगे, यत: केन्द्रीय सरकार ने उक्त रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमियों में उपयोग का अधिकार अर्जित करने का विनिश्चय किया है ।

अब, यत: उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुये केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा घोषित करती है कि इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट उक्त भूमियों में उपयोग का अधिकार पाइप लाइन बिछाने के प्रयोजन के लिये एतद्द्वारा अर्जित किया है ।

और, आगे उस धारा की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये केन्द्रीय सरकार निदेश देती है कि उक्त भूमियों में उपयोग का अधिकार केन्द्रीय सरकार में विहित होने के बजाय तेल और प्राकृतिक गैस आयोग ने, सभी बंधकों से मुक्त रूप मे, इस घोषणा के प्रकाशन की इस तारीख को निहित होगा ।

अनुसूची

सड़क बी० डी० डब्ल्यू०-बी० डी० आई० से जी० जी० एस० आई० तक पाइप लाइन बिछाने के लिये

राज्य : गुजरात	जिला : केरा		तालुका : मातार	
गांव	सर्वेक्षण संख्या	हैक्टर	ए० आर० ई०	पी० ए० आर० ई०
नवागांव	753/1	0	2	75
	754	0	11	00
	756	0	6	15
	746	0	2	00

[सं० 11(4)/71-लेबर एण्ड लेजिस]

S.O. 1431.—Whereas by a notification of the Government of India in the Ministry of Petroleum and Chemicals (Department of Petroleum) S.O. No. 1683 dated 31st March, 1971 under sub-section (1) of Section 3 of the Petroleum Pipelines (Acquisition of Right of User in Land) Act, 1962 (50 of 1962), the Central Government declared its intention to acquire the Right of User in the lands specified in the schedule appended to that notification for the purpose of laying pipelines;

And whereas, the Competent Authority, has under sub-section (1) of section 6 of the said Act, submitted report to the Government;

And further, whereas, the Central Government has, after considering the said report, decided to acquire the right of user in the lands specified in the schedule appended to this notification;

Now, therefore, in exercise of the power conferred by sub-section (1) of the Section 6 of the said Act, the Central Government hereby declares that the right of user in the said lands specified in the schedule appended to this notification is hereby acquired for laying the pipelines;

And, further, in exercise of the power conferred by sub-section (4) of that section, the Central Government directs that the right of user in the said lands shall instead of vesting in the Central Government vest on this date of the publication of this declaration in the Oil & Natural Gas Commission free from all encumbrances.

SCHEDULE

Laying Pipeline from D.S. BEF to G.G.S. Line

STATE : Gujarat DIST : Kaira TALUKA : Matar

Village	Survey No.	Hectare	Are	P. Are
NAWAGAM	468	0	7	75
	469/2	0	3	75
	470/2	0	1	10

[No. 11(4)/ 71-Lab.&Legis.]

I. M. SAHAI, Dy. Secy.

का० आ० 1431.—यतः पैट्रोलियम, पाइप लाइन (भूमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन भारत सरकार के पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय (पैट्रोलियम विभाग) की अधिसूचना का० आ०सं० 1683 तारीख 31-3-71 द्वारा केन्द्रीय सरकार ने उस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमियों के उपयोग के अधिकार को पाइप लाइनों को बिछाने के प्रयोजन के लिये अर्जित करने का अपना आशय घोषित कर दिया था ।

और यतः सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन सरकार को रिपोर्ट दे दी है ।

और आगे, यतः केन्द्रीय सरकार ने उक्त रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमियों में उपयोग का अधिकार अर्जित करने का विनिश्चय किया है ।

अब, अतः उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुये केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा घोषित करती है कि इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट उक्त भूमियों में उपयोग का अधिकार पाइप लाइन बिछाने के प्रयोजन के लिये एतद्द्वारा अर्जित किया जाता है ।

और, आगे उस धारा की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये केन्द्रीय सरकार निदेश देती है कि उक्त भूमियों में उपयोग का अधिकार केन्द्रीय सरकार में विहित होने के बजाय तेल और प्राकृतिक गैस आयोग में, सभी बंधकों से मुक्त रूप में, इस घोषणा के प्रकाशन की इस तारीख को निहित होगा ।

अनुसूची

डी० एस० बी० ई० एफ० से जी० जी० एस० लाइन तक पाइप लाइन बिछाने के लिये

राज्य : गुजरात जिला : केरा तालुका : मातार

ग्राम	सर्वेक्षण संख्या	हैक्टर	ए० आर० ई०	पी० ए० आर० ई०
नवागांव	468	0	7	75
	469/2	0	3	75
	470/2	0	1	10

[सं० 11(4)/71-लेबर एण्ड लेजिस]

इन्द्र मोहन सहाय, उप सचिव ।

New Delhi, the 22nd March 1972

S.O. 1432.—In exercise of the powers conferred under Section 8 of the Oilfields (Regulation & Development) Act, 1948, the Central Government hereby directs that subject to its control, the powers exercisable by a State Government under the Petroleum and Natural Gas Rules, 1959 (as amended from time to time), framed under the said Act, shall also be exercisable, in any Union Territory of Delhi, the Andamans and Nicobar Islands, The Lacadive, Minicoy and Amindivi Islands, Dadra & Nagar Haveli, Goa, Daman & Diu, Pondichery, Chandigarh, Mizoram and Arunachal Pradesh by the Administrator of the respective Union Territory.

[No. 13(4)/70-Lab.&Legis.]

नई दिल्ली, 22 मार्च, 1972

का० आ० 1432.—तेल क्षेत्र (विनियमन तथा विकास) अधिनियम, 1958 के खण्ड 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निदेश देती है कि उसके नियंत्रण के अधीन, उपर्युक्त अधिनियम के अन्तर्गत रचित पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियमावली, 1959 ('जिसका समय समय पर संशोधन किया गया था) के अन्तर्गत एक राज्य सरकार द्वारा प्रयोज्य शक्तियां, दिल्ली, अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह, लकाद्वीप, मिनिकाय एवं अमिनदिवि. दादर तथा नागर हवली, गोआ, दमनद्विव, पांडिचेरी (चण्डीगढ़ मिजोरम और अरुणांचल प्रदेश के उनके संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक द्वारा भी प्रयोग की जायेंगी।

[सं० 13(4)/70-लेब० एण्ड लेजिस०]

New Delhi, the 24th March 1972

S.O. 1433.—Where by a notification of the Government of India in the Ministry of Petroleum and Chemicals (Department of Petroleum) S.O. No. 3522 dated 30th August, 1971 under sub-section (1) of Section 3 of the Petroleum Pipelines (Acquisition of Right of User in Land) Act, 1962 (50 of 1962), the Central Government declared its intention to acquire the Right of User in the lands specified in the schedule appended to that notification for the purpose of laying pipelines;

And whereas, the Competent Authority, has under sub-section (1) of section 6 of the said Act, submitted report to the Government;

And, further, whereas, the Central Government has, after considering the said report, decided to acquire the right of user in the lands specified in the schedule appended to this notification;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of the Section 6 of the said Act, the Central Government hereby declares that the right of user in the said lands specified in the schedule appended to this notification is hereby acquired for laying the pipelines;

And further, in exercise of the power conferred by sub-section (4) of that section, the Central Government directs that the right of user in the said lands shall instead of vesting in the Central Government vest on this date of the publication of this declaration in the Oil & Natural Gas Commission free from all encumbrances.

SCHEDULE

PIPELINE FROM D. S. K-151 To G.G.S.V.

State : Gujarat Dist : Mehsana Tal : Kalol

Village	Survey No.	Hectare	Are	P.Area
ISAND	583/1	0	00	96
	582	0	7	25
	581/5	0	3	17
	581/4	0	2	81
	581/3	0	3	79
	581/9	0	2	32
	581/2	0	2	68
	635/6	0	6	47
	640	0	9	03
	639/2	0	1	83
	638	0	9	15
	68	0	9	90
	669	0	8	91
	671	0	6	34
	676	0	14	88

[No. 11(4)/71-Lab.&Legis.]

नई दिल्ली, 24 मार्च, 1972

का०आ० 1433.—यतः पैट्रोलियम, पाइप लाइन (भमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन भारत सरकार के पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय (पैट्रोलियम विभाग) की अधिसूचना का० आ० स० 3522 तारीख 30-8-71 द्वारा केन्द्रीय सरकार ने उस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमिओं के उपयोग के अधिकार को पाइप लाइनों को बिछाने के प्रयोजन के लिए अर्जित करने का अपना आशय घोषित कर दिया था।

और यतः सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन सरकार को रिपोर्ट दे दी है।

और आगे, यतः केन्द्रीय सरकार ने उक्त रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भमियों में उपयोग का अधिकार अर्जित करने का विनिश्चय किया है।

अब, अतः उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा घोषित करती हैं कि इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट उक्त भूमियों में उपयोग का अधिकार पाइप लाइन बिछाने के प्रयोजन के लिए एतद्द्वारा अर्जित किया जाता है।

और, आगे उस धारा की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार निदेश देती है कि उक्त भूमियों में उपयोग का अधिकार केन्द्रीय सरकार में विहित होने के बजाय तेल और प्राकृति गैस आयोग में, सभी बंधकों से मुक्त रूप में, इस घोषणा के प्रकाशन की इस तारीख को निहित होगा।

अनुसूची

डी० एस० के०-151 से जी० जी० एस० वी तक पाइप लाइन बिछाने के लिए

राज्य : गुजरात जिला : महसाना तालुका : कलोल

गांव	सर्वेक्षण संख्या	हैक्टर	ए आर ई	पी० ए आर ई
इसन्द	583/1	0	00	96
	582	0	7	25
	581/5	0	3	17
	581/4	0	2	81
	581/3	0	3	79
	581/9	0	2	32
	581/2	0	2	68
	635/6	0	6	47
	640	0	9	03
	639/2	0	1	83
	638	0	9	15
	668	0	9	90
	669	0	8	91
	671	0	6	34
	676	0	14	88

[सं० 11(4)/71-लेबर एण्ड लेजिस०]

S.O. 1434.—Whereas by a notification of the Government of India in the Ministry of Petroleum and Chemicals (Department of Petroleum) S.O. No. 3523 dated 30th August, 1971 under sub-section (1) of Section 3 of the Petroleum Pipelines (Acquisition of Right of User in Land) Act, 1962 (50 of 1962), the Central Government declared its intention to acquire the Right of User in the lands specified in the schedule appended to that notification for the purpose of laying pipelines;

And whereas, the Competent Authority, has under sub-section (1) of section 6 of the said Act, submitted report to the Government;

And, further, whereas, the Central Government has, after considering the said report, decided to acquire the right of user in the lands specified in the schedule appended to this notification;

Now, therefore, in exercise of the power conferred by sub-section (1) of the Section 6 of the said Act, the Central Government hereby declares that the right of user in the said lands specified in the schedule appended to this notification is hereby acquired for laying the pipelines;

And,further,in exercise of the power conferred by sub-section (4) of that section, the Central Government directs that the right of user in the said lands shall instead of resting in the Central Government vest on this date of the publication of this declaration in the Oil & Natural Gas Commission free from all encumbrances.

SCHEDULE

PIPELINE FROM WELL No. 154 TO G.G.S. V

State : Gujarat Dist : Mehsana Tal : Kalol

Village	Survey No.	Hectare	Are	P.Are.
OLA	363/1	0	3	70
	378	0	13	85
	376	0	5	43
	377/Paiki	0	13	88
ISAND	660	0	23	18
	661/1	0	0	50
	661/2	0	6	22
	661/3	0	1	46
	661/4	0	13	18
	662	0	9	68
	663/Paiki	0	1	32
	663/1	0	10	03
	674/1	0	7	32
	673	0	3	54
	672	0	5	35
	676	0	8	71
	681	0	2	32
	682	0	5	00

[No. 11(4)/71-Lab.&Legis.]

का० आ० 1434.—यतः पैट्रोलियम, पाइप लाइन (भूमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन भारत सरकार के पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय की अधिसूचना का० आ० सं० 3523 तारीख 30-8-71 द्वारा केन्द्रीय सरकार ने उस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमियों के उपयोग के अधिकार को पाइप लाइनों को बिछाने के प्रयोजन के लिए अर्जित करने का अपना आशय घोषित कर दिया था ।

और यतः सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन सरकार को रिपोर्ट दे दी है ।

और आगे, यतः केन्द्रीय सरकार ने उक्त रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमियों में उपयोग का अधिकार अर्जित करने का विनिश्चय किया है ।

अब, अतः उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा घोषित करती है कि इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट उक्त भूमियों में उपयोग का अधिकार पाइप लाइन बिछाने के प्रयोजन के लिए एतद्द्वारा अर्जित किया जाता है ।

और, आगे उस धारा की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार निदेश देती है कि उक्त भूमियों में उपयोग का अधिकार केन्द्रीय सरकार में विहित होने के बजाय तेल और प्राकृतिक गैस आयोग में, सभी बंधकों से मुक्त रूप में, इस घोषणा के प्रकाशन की इस तारीख को निहित होगा ।

अनुसूची

कुओं संख्या 154 से जी० जी० एस० 5 तक पाइप लाइन बिछाने के लिए

राज्य : गुजरात जिला : महसाना तालुका : कलोल

गांव	सर्वेक्षण संख्या	हैक्टर	ए आर ई	पी० ए आर ई
ओला	363/1	0	3	70
	378	0	13	85
	376	0	5	43
	377/पैकी	0	13	88
इसन्द	660	0	23	18
	661/1	0	0	50
	661/2	0	6	22
	661/3	0	1	46
	661/4	0	13	18
	662	0	9	68
	663/पैकी	0	1	32
	663/1	0	10	03
	674/1	0	7	32
	673	0	3	54
	672	0	5	35
	676	0	8	71
	681	0	2	32
	682	0	5	00

[सं० 11(4)/71—लेबर० एण्ड लेजिस०]

S.O. 1435.—Whereas by a notificaton of the Government of India in the Ministry of Petroleum and Chemicals (Department of Petroleum) S.O. No. 3524 dated 30th August, 1971 under sub-section (1) of section 3 of the Petroleum Pipelines (Acquisition of Right of User in the lands specified in the schedule appended to that notification for the purpose of laying pipelines;

And whereas, the Competent Authority, has under sub-section (1) of section 6 of the said Act, submitted report to the Government;

And, further, whereas, the Central Government has, after considering the said report, decided to acquire the right of user in the lands specified in the schedule appended to this notification;

Now, therefore, in exercise of the power conferred by sub-section (1) of the Section 6 of the said Act, the Central Government hereby declares that the right of user in the said lands specified in the schedule appended to this notification is hereby acquired for laying the pipelines.

And further, inexercise of the power conferred by sub-section (4) of that section, the Central Government directs that the right of user in the said lands shall instead of vesting in the Central Government vest on this date of the publication of this declaration in the Oil & Natural Gas Commission free ffom all encumbrances.

SCHEDULE

PIPELINE FROM WELL No. 142 TO G.G.D. VII

State: Gujarat Dist : Gandhinagar

Tal : Gandhinagar

Village.	Survey No.	Hectare	Are.	P. Are.
TITODA	869/1	0	4	71
	V. P. Cart track	0	0	31
	874/1 & 2	0	6	66
	875	0	4	33
	885	0	4	20
	884	0	6	35
	883	0	7	46
	898 & 899	0	18	11
	919/2	0	5	00
	919/1 & 920	0	5	61
	938	0	10	98
	939	0	0	50
	940/2	0	9	83
	941	0	10	49
	V. P. Cart track	0	0	37
	958	0	2	14
	957	0	19	76
	960	0	1	00
UVARSAD	1211	0	2	92
	1212	0	3	42
	1210	0	17	94
	1198	0	28	55
	1209	0	1	71
	V. P. Cart track	0	0	50
	1199	0	0	50
	1208	0	17	45
	1200	0	19	51
	1204	0	0	50
	1205	0	5	98
	V. P. Cart track	0	0	56
	1180/Paiki	0	26	35
	1181/1/Paiki	0	12	63
	1183/1/Paiki	0	14	51
	V.P. Cart track	0	0	50
	1147/1	0	9	15
	1149/1/Paiki	0	26	26
	V. P. Cart track	0	0	50
	1109/Paiki	0	5	61
	1108	0	4	76
	1107	0	10	68

[No. 11(4)/71-Lab.&Legis.]

B. R. PRABHAKAR, Under secy.

का० आ० 1435.—यतः पैट्रोलियम, पाइप लाइन (भूमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन भारत सरकार के पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय (पैट्रोलियम विभाग) की अधिसूचना का० आ० सं० 3524 तारीख 30-8-71 द्वारा केन्द्रीय सरकार ने उस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमिओं के उपयोग के अधिकार को पाइप लाइनों को बिछाने के प्रयोजन के लिए अर्जित करने का अपना आशय घोषित कर दिया था ।

और यतः सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन सरकार को रिपोर्ट दे दी है ।

और आगे, यतः केन्द्रीय सरकार ने उक्त रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमियों में उपयोग का अधिकार अर्जित करने का विनिश्चय किया है ।

अब, अतः उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा घोषित करती है कि इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट उक्त भूमियों में उपयोग का अधिकार पाइप लाइन बिछाने के प्रयोजन के लिए एतद्द्वारा अर्जित किया जाता है ।

और, आगे उस धारा की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार निदेश देती है कि उक्त भूमियों में उपयोग का अधिकार केन्द्रीय सरकार में निहित होने के बजाय तेल और प्राकृतिक गैस आयोग में, सभी बंधकों से मुक्त रूप में, इस घोषणा के प्रकाशन की इस तारीख को निहित होगा ।

अनुसूची

कुआं संख्या 142 से जी० जी० एस० 7 तक पाइपलाइन बिछाने के लिए

राज्य : गुजरात जिला : गांधीनगर तालुका : गांधीनगर

गांव	सर्वेक्षण संख्या	हैक्टर	ए आर ई	पी० ए० आर० ई०
टिटोडा	869/1	0	4	71
	वी०पी० कार्टट्रैक	0	0	31
	874/1 व 2	0	6	66
	875	0	4	33
	885	0	4	20
	884	0	6	35
	883	0	7	46
	898 व 899	0	18	11
	919/2	0	5	00
	919/1 व 920	0	5	61
	938	0	10	98
	939	0	0	50
	940/2	0	9	83
	941	0	10	49
	वी०पी० कार्टट्रैक	0	0	37
	958	0	2	14
	957	0	19	76
	960	0	1	00
उवरसाड	1211	0	2	93
	1212	0	3	42
	1210	0	17	94
	1198	0	28	55
	1209	0	1	71
	वी०पी० कार्टट्रैक	0	0	50
	1199	0	0	50
	1208	0	17	45
	1200	0	19	51
	1204	0	0	50
	1205	0	5	98
	वी०पी० कार्टट्रैक	0	0	56
	1180/पेकी	0	26	35
	1181/पेकी	0	12	63
	1183/1/पेकी	0	14	51
	वी०पी० कार्टट्रैक	0	0	50
	1147/1	0	9	15
	1149/1/पेकी	0	26	26
	वी०पी० कार्टट्रैक	0	0	50
	1109/पेकी	0	5	61
	1108	0	4	76
	1107	0	10	68

[सं० 11(4)/71-लेबर० एण्ड लेजिस०]

वी० आर० प्रभाकर, अवर सचिव ।

New Delhi, the 10th April, 1972

S. O. 1436—Whereas by the notification of Government of India as shown in the schedule appended hereto and issued under sub-section (i) of section 6 of the Petroleum Pipelines (Acquisition of right of user in land) Act, 1962 the Right of User has been acquired in the lands specified in the schedule appended thereto for the transport of Petroleum from drill site No. 101 to G.G.S.V, in Kalol oil field in Gujarat State.

And Whereas the Oil & Natural Gas Commission has terminated the operations referred to in clause (i) of the section (1) of section 7 of the said Act, on 22-12-1970.

Now Therefore under Rule 4 of the Petroleum Pipelines (Acquisition of Right of user in land) Rules, 1963 the Competent Authority hereby notifies the said date as the date of termination of operation referred to above.

SCHEDULE

TERMINATION OF OPERATION OF PIPELINE FROM D.S. 101 to GGSV

Name of Ministry	Village	S.O. No.	Date of publication in the Govt. of India Gazette	Date of termination of operation
PETROLEUM & CHEMICALS. . .	CHHATRAL	3773	16-10-1971	22-12-1970

[No. Prodn/DDN/61(1)/71]

नई दिल्ली, 10 अप्रैल 1972

का० आ० 1436—यत : संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट और पैट्रोलियम पाइपलाइन (भूमि में उपयोग के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 1962 की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन प्रकाशित भारत सरकार की अधिसूचना द्वारा गुजरात राज्य के कलोल क्षेत्र में व्यधन स्थल संख्या 101 से जी०जी० एस०-V तक पैट्रोलियम के परिवहन के लिए उस संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमियों के उपयोग का अधिकार अर्जित कर लिया है ।

और यत : तेल और प्राकृतिक गैस आयोग ने 2-12-70 को उक्त अधिनियम की धारा 7 की धारा (1) के खंड (i) में निर्दिष्ट संक्रिया को पर्यवसित कर दिया है ।

अब, अत : पैट्रोलियम पाइपलाइन (भूमि के उपयोग के अधिकारों का अर्जन) नियमावली 1963 के नियम 4 के अधीन सक्षम प्राधिकारी उक्त तारीख को, ऊपर निर्दिष्ट संक्रिया के पर्यवसान के रूप में एतद्द्वारा अधिसूचित करता है ।

अनुसूची

व्यधन स्थल 101 से जी जी एस V तक पाइपलाइन की संक्रिया का पर्यवसान :—

मंत्रालय का नाम	गांव	सर्वेक्षण संख्या	भारत के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख	संक्रिया के पर्यवसान की तारीख
पैट्रोलियम और रसायन	छत्त ाल	3773	16-10-71	22-12-70

[संख्या प्रोडक्शन/डी० डी० एन०/61(i)/71]

S.O. 1437—Whereas by the notification of Government of India as shown in the schedule appended hereto and issued under sub-section (i) of section 6 of the Petroleum Pipelines (Acquisition of right of user in land) Act, 1962 the Right of User has been acquired in the lands specified in the schedule appended thereto for the transport of Petroleum from drill site Kadi-11 to Kadi-4 in Kalol oil field in Gujarat State.

And Whereas the Oil & Natural Gas Commission has terminated the operations referred to in clause (i) of the section (1) of section 7 of the said act on 8-11-1971.

Now Therefore under Rule 4 of the Petroloum Pipelines (Acquisition of Right of user in land) Rules, 1963 the Competent Authority hereby notifies the said date as the date of termination of operation referred to above.

SCHEDULE

TERMINATION OF OPERATION OF PIPELINE FROM D.S. KADI-11 to KADI-4

Name of the Ministry	Village	S.O. No.	Date of publication in the Govt. of India Gazette	Date of termination of operation
PETROLEUM & CHEMICALS	KADI	3776	16-10-1971	8-11-1971

[No. Prodn/DDN/61(1)/71]

का० आ० 1437--अत : संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट और पैट्रोलियम पाइपलाइन (भूमि में उपयोग के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 1962 की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन प्रकाशित भारत सरकार की अधिसूचना द्वारा गुजरात राज्य के कलोल क्षेत्र में व्यधन स्थल का डी--II से का डी--4 तक पैट्रोलियम के परिवहन के लिए उस संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमियों के उपयोग का अधिकार अर्जित कर लिया है ।

और यत: तेल और प्राकृतिक गैस आयोग ने 8--11--1971 को उक्त अधिनियम की धारा 7 की धारा (1) के खण्ड (i) में निर्दिष्ट संक्रिया को पर्यवसित कर दिया है ।

अब, अत : पैट्रोलियम पाइपलाइन (भूमि के उपयोग के अधिकारों का अर्जन) नियमावली 1963 के नियम 4 के अधीन सक्षम प्राधिकारी उक्त तारीख को, ऊपर निर्दिष्ट संक्रिया के पर्यवसान के रूप में एतद्द्वारा अधिसूचित करता है ।

अनुसूची

व्यधन स्थल काडी--II से काडी--4 तक पाइपलाइन की संक्रिया का पर्यवसान

मंत्रालय का नाम	गांव	सर्वेक्षण सं०	भारत के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख	संक्रिया के पर्यवसान की तारीख
पैट्रोलियम और रसायन	काडी	3776	16--10--1971	8--11--1971

[संख्या प्रोडक्शन/डी०डी०एन०/61(i)/71]

